हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 जनवरी 2026

04 नगरपालिका अध्यक्ष ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का...



07 सिरोंज क्षेत्र में जगंलों को नष्ट कर तेजी से किया जा...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर, कमिश्नर कांफ्रेंस की तैयारी को लेकर बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर, कमिश्नर कांफ्रेंस में दिए निर्देशों के पालन की पूर्व तैयारी की समीक्षा बैठक शनिवार को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय स्थित बेतवा सभाकक्ष में होगी। बैठक में कलेक्टर, कमिश्नर कांफ्रेंस से संबंधित बिंदुओं पर विभागवार प्रगति, लंबित प्रकरणों की स्थिति, समय-सीमा में पूर्ण किए जाने वाले कार्यों तथा तैयार किए गए पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की जाएगी। सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित अद्यतन जानकारी एवं अभिलेखों के साथ निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### साढ़े चार बोरा जब्त गेहूं नीलामी किया जाएगा

**विदिशा।** रेलवे द्वारा कार्रवाई के दौरान जब्त किया गया साढ़े चार बोरा गेहूं नीलामी किया जाएगा। रेलवे सुरक्षा बल विदिशा पोस्ट पर 9 गेंहू की बोरियां 450 किग्रा को 5 जनवरी को सुबह 10 बजे रेलवे सुरक्षा बल विदिशा पोस्ट पर नीलाम करने की प्रक्रिया होगी।

### प्राकृतिक चिकित्सा पर सेमिनार आयोजित

**विदिशा।** रोटरी क्लब के माध्यम से प्राकृतिक चिकित्सा को लेकर एक जागरूकता सेमिनार माधवगंज पर आयोजित किया गया। सेमिनार में प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़े विशेषज्ञों और रोटरी क्लब के सदस्यों की उपस्थिति रही। विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा से कैंसर जैसे असाध्य रोगों में भी राहत संभव है, साथ ही कई छोटे-बड़े रोगों का उपचार बिना दवा के किया जा सकता है। प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक इलाज की विभिन्न विधियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब पदाधिकारियों ने समाजहित में ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर जोर दिया।

### अभियान के शिविरों की प्रगति की समीक्षा



**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों में किए जा रहे कार्यों की अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से सहरिया जनजातीय परिवारों को चिन्हित शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से पात्रता पर्ची, आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण के कार्यों में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने ग्रामवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों के आधार या आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बने हैं, उन्हें समय-सीमा में शिविरों के माध्यम से लाभ दिलाया जाए।

### ई-टोकन व्यवस्था से खाद मिलना आसान

**विदिशा।** मप्र शासन द्वारा खाद वितरण में पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में विदिशा जिले की समितियों में खाद भंडारण सुचारु रूप से जारी है। क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जोगी किरोंदा में खाद लेने आए कृषक से ई-टोकन व्यवस्था के संबंध में संवाद किया एवं उक्त व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन हेतु कृषकों के विचार प्राप्त किए। कृषकों द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जारी खाद वितरण की ई-टोकन की पहल को काफी सराहा जा रहा है। कृषकों को पूर्व में होने वाली असुविधाओं, लंबी कतारों एवं स्टॉक की कमी से निजात प्राप्त हुई है एवं खाद मिलने में सुविधा हुई है।

## विदिशा से कांग्रेस के बूथ चलो, गांव चलो अभियान का हुआ आगाज

# गरीब और किसानों के हक पर हमला कर रही भाजपा सरकारः जीतू पटवारी

### ठर्र व अहमदपुर पंचायत से हुई अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश कांग्रेस के बूथ चलो, गांव चलो अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को विदिशा जिले की ठर्र एवं अहमदपुर पंचायत से हुआ। अभियान की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मुख्य आतिथ्य एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी की उपस्थिति में की गई। दोनों पंचायतों में ग्राम पंचायत समितियों का गठन किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के विदिशा आगमन पर अग्रवाल एकेडमी स्कूल के सामने जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद वाहनों के काफिले के साथ वे ग्राम ठर्र पहुंचे, जहां किसान-मजदूर चौपाल को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस के युवाओं से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस की आवाज और राहुल गांधी के संघर्ष की सच्चाई गांव-गांव तक पहुंचाएं। इस दौरान कांग्रेस के जिले प्रभारी एवं पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक निशंक जैन, सुभाष बोहत, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार, प्रदेश सचिव मनोज कपूर, पूर्व जपं अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, बासौदा पूर्व जपं अध्यक्ष प्रहलाद रघुवंशी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रवि साहू, अहमदपुर ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह कुशवाह, ठर्र ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, इंदर सिंह यादव, सिरोंज कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश, यादव, शमशाबाद ब्लॉक अध्यक्ष सोनू यादव, नटेरन ब्लॉक अध्यक्ष शरद शर्मा, लटेरी अध्यक्ष यदुवीर सिंह बघेल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत, शेखू खान, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत दांगी, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, राजकुमार पासी, अर्पित उपाध्याय, अवधेश दुबे, सुंदर सिंह दांगी, संतोष कुशवाह, एड. कालूराम मीना, गोविंद भार्गव, अरुण अवस्थी, सीमा अहिरवार, गीता कुशवाह, सुरेंद्र रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### किसान-मजदूर चौपाल में सरकार पर तीखा हमला



**विदिशा।** किसान मजदूर चौपाल के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने ग्रामीणों को किया संबोधित।

### राम के नाम पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का प्रयास

चौपाल को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने भाजपा एवं केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार भगवान राम के नाम पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदिशा के सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के रहते गरीब मजदूरों और किसानों के हितों पर कुठाराघात हो रहा है। श्री पटवारी ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर श्रीराम योजना करना ही नहीं, बल्कि उसके स्वरूप में बदलाव कर दिया गया है, जिसमें 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 60 प्रतिशत केंद्र सरकार की तय की गई है। भविष्य में यदि कोई राज्य सरकार अपना अंश नहीं दे पाती, तो योजना स्वतः समाप्त हो जाएगी। जबकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने यह योजना ग्रामीण गरीबों को उनके गांव में रोजगार देने के उद्देश्य से लागू की थी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा भगवान राम के नाम का राजनीतिकरण कर रही है और झूठ फैलाने की मशीन बन चुकी है।

### विदिशा का किसान सबसे अधिक परेशान

अहमदपुर पंचायत में बैठक में जीतू पटवारी ने किसानों से उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा सरकार भले किसान को भगवान कहती हो, लेकिन विदिशा का किसान सबसे अधिक परेशान है। खेतों तक सड़क, गांवों में रोजगार और युवाओं के भविष्य के लिए कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाना जरूरी है। उन्होंने इंदौर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है, पत्रकारों से अभद्रता और मारपीट की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## इंदौर में दूषित पानी से मौतें विदिशा में युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, जिम्मेदार पर कार्रवाई की मांग की

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया, इस्तीफा मांगा



**विदिशा।** इंदौर में दूषित पानी से मौतों पर पुतला जलाते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंदौर में दूषित पानी पीने से बीमार हुए 14 नागरिकों की मौत के मामले को लेकर शुक्रवार को विदिशा में युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

युवक कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन विदिशा के नीमताल चौराहे पर किया गया। पहले से तैनात पुलिस बल मौके पर मौजूद था। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाई, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का प्रयोग किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा पुतले में आग लगाए जाने के बाद पुलिस ने पानी के बौछार और वाटर कैनन की मदद से आग को बुझा दिया, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। युवक कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतें शासन-प्रशासन की गंभीर लापरवाही का नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### सरकार पर उठाए सवाल

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इंदौर के प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री मोहन यादव होने के बावजूद इस मामले में सरकार ने जिम्मेदारी नहीं निभाई। युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जब पत्रकारों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस मामले पर सवाल पूछे तो उन्होंने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेता मोहित रघुवंशी ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्यमंत्री मोहन यादव से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

# आरओ वाटर सप्लायर्स से पानी के नमूने लिए

### कलेक्टर के निर्देश पर जिले में संचालित आरओ वाटर प्लांट का निरीक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंदौर में दूषित पानी पीने से मौतों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शुक्रवार को शहर के वाटर सप्लायर्स के प्लांटों पर पहुंचकर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दो वाटर सप्लायर से पानी के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए। सांची रोड पर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ गुड़, मसाला चाय के नमूने एकत्रित किए गए। जांच के दौरान लिए गए इन नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा है। इसी प्रकार 30 दिसंबर को भी खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा बैसनगर स्थित पैकेज ड्रिंकिंग वाटर का निरीक्षण किया तथा पैकेज ड्रिंकिंग वाटर ब्रांड आइकन के दो नमूने जांच हेतु एकत्रित किए हैं। लेकिन दूषित पानी वाले हैंडपंप और अन्य जल स्त्रोतों का नमूना नहीं लिया।



**विदिशा।** वाटर सप्लायर्स के प्लांट पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते अधिकारी।

### विदिशा टीम को इसरो वैज्ञानिकों से मिला अंतरिक्ष प्रशिक्षण

**विदिशा।** गुजरात में आयोजित राष्ट्र कथा शिविर में मप्र के विदिशा जिले की टीम के स्वयंसेवकों को एक दुर्लभ और प्रेरणादायक अवसर प्राप्त हुआ। विदिशा टीम ने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर स्पेस स्टेशन से संबंधित प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण सत्र में अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह प्रणाली, अंतरिक्ष स्टेशन की कार्यप्रणाली और अंतरिक्ष योजनाओं पर जानकारी दी गई। इसरो वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में प्राप्त यह अनुभव युवाओं के लिए विज्ञान, तकनीक और राष्ट्र निर्माण की दिशा में अत्यंत प्रेरक रहा। हेमराज प्रभाकर के नेतृत्व में विदिशा टीम ने पूरे शिविर में अपनी जिज्ञासा, अनुशासन और प्रतिभा से विशेष पहचान बनाई।

## देशभर की 12 नामचीन टीमें लेंगी हिस्सा, 15 तक चलेगा टी-20 क्रिकेट महाकुंभ

# 56वीं कनारा ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 4 से, विजेता टीम को मिलेगा 2 लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

56वीं कनारा ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 4 जनवरी से कनारा क्रिकेट क्लब मैदान पर होने जा रहा है। यह बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट 15 जनवरी तक चलेगा, जिसमें देशभर की 12 नामचीन टीमें हिस्सा लेकर क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबलों का प्रदर्शन करेंगी।

इस वर्ष टूर्नामेंट को टी-20 फॉर्मेट में लीग प्रणाली के तहत खेला जाएगा, जिससे हर मुकाबला बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने की उम्मीद है। टूर्नामेंट में इंडियन नेवी, फैथ क्लब भोपाल, नागपुर, मेरठ, प्रयागराज, भोपाल लेपड्र्स, एसएस क्लब दिल्ली, फरीदाबाद, गुजरात, उदयपुर, चंडीगढ़ और मेज़बान कनारा विदिशा की टीमें भाग ले रही हैं।

### दर्शकों को आईपीएल टिकट जीतने का मौका

संदीप डोंगर सिंह के अनुसार इस बार टूर्नामेंट का स्तर पहले से कहीं अधिक भव्य होगा। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु लाखों रुपए के आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। विजेता टीम को 2 लाख नकद व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 1 लाख नकद प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर जैसे कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह टूर्नामेंट सिर्फ खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि दर्शकों के लिए भी खास रहेगा। मैच देखने आने वाले दर्शकों को आईपीएल टिकट जीतने के साथ-साथ अन्य आकर्षक उपहार पाने का अवसर मिलेगा।

आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने और इस क्रिकेट महाकुंभ का आनंद लेने की अपील की है।

### विधायक मुकेश टंडन ने गुलाबगंज में सुनी समस्याएं

**गुलाबगंज।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सामुदायिक भवन में विधायक मुकेश टंडन ने जनसुनवाई की। कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान 15 आवेदकों द्वारा समस्या विधायक के सामने रखीं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग, भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश कटारे, जनपद सदस्य जगदीश दांगी, सचिन यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष रामराज दांगी, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी, आकाश खत्री, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, राजकुमार रैकवार एवं ग्रामीण मौजूद रहे।




# 'विजय मंदिर का सच' विषय में व्याख्यान कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जन चेतना मंच द्वारा विजय मंदिर का सच विषय पर व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कलेक्टर सुरेश जैन मौजूद रहेंगे। जिन्होंने विजय मंदिर की खुदाई कराकर सच उजागर किया था। कार्यक्रम 4 जनवरी रविवार को दोपहर 4 बजे से जालौरी गार्डन में होगा। कार्यक्रम एक घंटे का रहेगा।

जन चेतना मंच के संरक्षक और पूर्व वित्तमंत्री राघवजी भाई, अध्यक्ष राजेश दीक्षित और महामंत्री मनमोहन शर्मा ने शहर के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर विदिशा शहर के प्राचीन और ऐतिहासिक विजय मंदिर के इतिहास से रुबरु हों। जिससे अधिक से अधिक लोगों को विजय मंदिर के संबंध में जानकारी मिल सके। सनातन हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष अतुल तिवारी ने लोगों से व्याख्यान में शामिल होने के लिए 10 मिनट पहले पहुंचने की अपील की है।





## 5 महीनों में 1200 गंभीर कुपोषित बच्चों को किट दी गईं

# 5 माह में 800 बच्चे कुपोषण से बाहर:पोषण संजीवनी अभियान के तहत सुपोषण किट बांटे गए- मूंगदाल, बेसन, गुड़, घी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में कुपोषण उन्मूलन के लिए 'पोषण संजीवनी अभियान' चलाया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग यह अभियान संचालित कर रहा है।

पिछले पांच महीनों में इस पहल के तहत 800 से अधिक बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेणी से बाहर आ चुके हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य अति गंभीर कुपोषित बच्चों को स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। वर्तमान में जिले में लगभग 1449 बच्चे अति कुपोषित चिन्हित किए गए हैं। इन बच्चों को विशेष पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### सुपोषण किट से बेहतर परिणामः विनीता लोढ़ा

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि परियोजना स्तर पर कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उन्हें 'सुपोषण किट' वितरित की जा रही है। बीते पांच महीनों में करीब 1200 गंभीर कुपोषित बच्चों को यह किट दी गई, जिससे लगभग 800 बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेणी से बाहर निकलने में सफल रहे हैं। सुपोषण किट में सूखा राशन पैकेट, मूंगदाल, मुरमुरा, बेसन, गुड़, पोहा, चावल, आटा, घी, मसाले, पौष्टिक लड्डू बनाने की सामग्री के साथ खिलौने और शिक्षण सामग्री शामिल है। एनआरसी में भर्ती बच्चों का उपचार करने के साथ-साथ उनके परिजनों को संतुलित आहार, साफ-सफाई और बच्चों की सही देखभाल के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।



**विदिशा।** नवजात बच्चों की माताओं को सुपोषण किट वितरित करते हुए।

### प्रयास से बढ़ रहा असर

अभियान में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी और जागरूक नागरिक 'पोषण मित्र' बनकर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को गोद ले रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से विदिशा जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

# डंगरवाड़ा मंडल में हिंदू सम्मेलन को लेकर ध्वजारोहण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

लक्ष्मीनगर अहमदपुर खंड के डंगरवाड़ा मंडल में हिंदू सम्मेलन 12 जनवरी सोमवार को आयोजित होना है, जिसमें सतियाखेड़ी, कांकरखेड़ी, बरखेड़ा, सतपाड़ा, करारिया, रोड़ा करैया घाटखेड़ी, झिरनिया, सौंथर, अंडिया, सांगई, गांगई, सूरोद इत्यादि गांव इस मंडल में शामिल होंगे। कार्यक्रम के संबंध में शुक्रवार को डंगरवाड़ा में ध्वज यात्रा निकाली गई। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के लिए मंत्र उच्चारण ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों द्वारा ध्वजारोहण भूमिपूजन कराया गया। इस दौरान हिंदूवादी संगठनों की कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2840
उच्चतम भाव-5370
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6910
चना
न्यूनतम भाव- 4200
उच्चतम भाव- 5631
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5940
ज्वार
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6702
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव- 1664
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2790
उच्चतम भाव-3240
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5170
उड़द
न्यूनतम भाव-3880
उच्चतम भाव-6540
बटरी
न्यूनतम भाव-2380
उच्चतम भाव-2910
गेंहू
न्यूनतम भाव-2382
उच्चतम भाव-3410

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 17925 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# विधायक के प्रयास से अस्पताल को मिला स्त्री रोग विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नए वर्ष की शुरुआत नगर के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात लेकर आई है। स्थानीय शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ की पद स्थापना के बाद अब स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं को और भी मजबूती मिली है। विधायक हरि सिंह रघुवंशी के विशेष प्रयासों और अनुशंसा से शुक्रवार से अस्पताल को विधिवत रूप से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान सर्जन की सेवाएं मिलना प्रारंभ हो गईं हैं। डॉ. चौहान ने रीवा मेडिकल कॉलेज से स्त्री रोग में एमएस (सर्जन) की डिग्री प्राप्त करने के बाद शुक्रवार से सिविल अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं। अब तक सिविल अस्पताल में महिला चिकित्सक के रूप में डॉ. लीना शर्मा पदस्थ थीं।

डॉ. चौहान की पदस्थापना से महिला रोगियों को गर्भावस्था, प्रसूति एवं जटिल स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के इलाज में बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध होने से मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता भी कम होंगी। अब हृदय रोग विशेषज्ञ की भी मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार की जा रही है। विधायक रघुवंशी शासन


गंजबासौदा। डॉ. भूपेन्द्र सिंह चौहान

स्तर पर लगातार पत्राचार कर शासकीय अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है इस वर्ष से हृदय रोग विशेषज्ञ की भी सेवाएं भी मिलना प्रारंभ हो जाएंगी। उल्लेखनीय है कि विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयासों से इससे पहले भी नगर को हड्डी रोग विशेषज्ञ की सुविधा मिलना प्रारंभ हो गई हैं।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी, जो वर्तमान में विदिशा मेडिकल कॉलेज में पदस्थ हैं, प्रत्येक बुधवार को सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। डॉ. चौहान ने शुक्रवार को बीएमओ डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. रविंद्र चिडार की मौजूदगी में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दीं। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ ने उनका स्वागत किया। डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान वर्ष 2018 से 2022 तक कुल्हार एवं त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके बाद स्त्री रोग में एमएस के लिए चयन होने पर वे रीवा मेडिकल कॉलेज गए थे। डिग्री पूर्ण करने के बाद अब उनकी सेवाएं गंजबासौदा नगर को मिलना शुरू हो गई हैं। स्थानीय नागरिकों और मरीजों का कहना है कि स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन की उपलब्धता से अब महिलाओं को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। समय पर जांच, सुरक्षित प्रसव और जटिल सर्जरी जैसी सुविधाएं अब गंजबासौदा में ही उपलब्ध होंगी।

# चित्रकूट में भरत चरित्र कथा व सीताराम महायज्ञ को लेकर बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में श्रीरामकथा के दिव्य आयोजन के पश्चात अब रामभक्ति की अगली कड़ी चित्रकूट धाम में जुड़ने जा रही है। वहीं चित्रकूट जहाँ भगवान श्री सीताराम सरकार ने अपने वनवास काल का लगभग साढ़े 11 वर्ष का सर्वाधिक समय व्यतीत किया और जहाँ भ्रातृ प्रेम, त्याग और तपस्या का अद्भुत उदाहरण भरत जी ने प्रस्तुत किया। श्री चित्रकूट धाम में आगामी 19 से 27 फरवरी 2026 तक श्री भरत चरित्र रामकथा एवं श्री सीताराम महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन नौलखी खालसा के श्रीमहंत राममनोहर दास महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न होने जा रहा है। जिसमें उनके श्रीमुख से नौ दिवसीय कथा में भरत जी के चरित्र पर ही आदर्श जीवन, त्याग, धर्मनिष्ठा और रामभक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। इस पावन आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। कथा में सहभागिता, चित्रकूट धाम यात्रा, सेवा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को शाम 4 बजे बैठक स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर पर रखी गई है। बैठक में कथा से जुड़ने के इच्छुक श्रद्धालुओं, रामभक्तों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बैठक में सामूहिक यात्रा के जरिए चित्रकूट के पावन तीर्थ स्थलों, तपस्वी संतों का दर्शन, निवास, यज्ञ सहभागिता एवं सेवा कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। अयोध्या में रामकथा के बाद चित्रकूट में भरत चरित्र का यह आयोजन रामकथा परंपरा को और अधिक भावपूर्ण बनाएगा। यह आयोजन केवल कथा नहीं, बल्कि भरत जी के त्याग, समर्पण और रामराज्य की भावना को आत्मसात करने का अवसर होगा। बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## प्रत्येक छह माह में नपा करा रही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की साफ सफाई

# नगरपालिका अध्यक्ष ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण

**नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने वार्ड क्रमांक 9 पाराशरी नदी पर पिचिंग कार्य का जायजा लिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बेतवा नदी के किनारे स्थित नौलखी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए की कोई भी बाहरी व्यक्ति प्लांट के अंदर ना आए इसके लिए सीसी टीवी कैमरे से नजर और मुख्य द्वार पर विशेष रूप से निगरानी की जाए। साथ ही जो पानी हम शहर में लोगों को पीने के लिए भेज रहे हैं। वह गुणवत्तापूर्ण रहे इस बात का भी विषय ध्यान रखा जाए। साथ ही जिन स्थानों पर पाइपलाइन के पॉइंट चेक करने के लिए बनाए गए हैं उन्हें नियमित रूप से देखा जाए।

किसी भी स्थान पर यदि कोई पाइपलाइन लीक हो रही है उसकी मरम्मत भी समय रहते की जाए ताकि हम शहर में साफ स्वच्छ पानी वितरित कर सकें। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों को भी


गंजबासौदा। नगरपालिका द्वारा कराई गई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की साफ, सफाई


गंजबासौदा। वाटर वर्क्स पर पेयजल चेक करती नपाध्यक्ष


गंजबासौदा। पराशरी नदी पर पिचिंग कार्य का निरीक्षण करती नपाध्यक्ष

देखा गया एवं उनके सुचारू रूप से मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बता दें कि सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका ने पहले ही वाटर बॉक्स पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए थे, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर छह कर्मचारी कार्यरत हैं जो अलग-अलग समय चरणबद्ध तरीके से अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं लगभग शहर की सभी टंकियां की सफाई की जा चुकी है। नगर पालिका वर्ष में दो बार 6-6 महीनों में इन टंकियां की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाती है, जिसमें पानी की टंकियां में जमी हुई सिल्ट को भी हटाकर उनकी पुताई की जाती है। निरीक्षण के दौरान वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था कोई भी देखा गया। जिस पर नपाध्यक्ष द्वारा अपनी नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर कार्य करने वाले कर्मचारियों को लाइफ जैकेट पहनकर ही कार्यस्थल पर जाने का निर्देश दिया है। इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका उपयंत्री मोहिनी कोरी को निर्देशित किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, इंजीनियर सुनील शर्मा वरुणेंद्र चौबे, राजकुमार शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के बाद घटित हुई घटना को ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष ने नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर विशेष सुरक्षा एवं साफ, सफाई का औचक निरीक्षण किया।

### नपाध्यक्ष ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं अधिकारीगण, पार्षद बन्धुओं ने नगर पालिका परिषद के द्वारा विगत दिनों से चल रहे वाटर वर्क्स के स्वच्छता कार्य को देखा एवं नगर के वार्ड क्रमांक 1, 16, 18 , 21 में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही वार्ड क्रमांक 9 में चल रहे पारासरी नदी पर पिचिंग कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### बाइक चालक ने मारी टक्कर, घायल



**गंजबासौदा।** गुरुवार को रात्रि के समय बरेठ रोड शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एक बाइक चालक ने तेज गति से बाइक चलाते हुए एसजीएस के कर्मचारी तरुण पाठक को टक्कर मार दी। जिससे उसको हाथ, पैर, सिर में चोटें आई हैं। वहीं बाइक चालक भी गंभीर रुप से घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

# रात के समय कार हुई दुर्घटनाग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को रात्रि के समय बरेठ रोड पर भावसार पुलिया के आगे सीसी करण के दौरान खोदे गए गड्ढे में सफेद रंग की कार अनियंत्रित होकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह के समय जब राहगीरों ने कार को देखा तो बताया कि कार की स्पीड अधिक होने के चलते लगभग 10 फिट लंबे गड्ढे को पार करते हुए सीसीकरण के एक छोर पर कार का एक साइड का पहिया टकराया जिससे लोहे का व्हील टेड़ा हो गया वहीं एक साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार के आगे के एयर बैग खुल गए तथा अगले हिस्से के क्षतिग्रस्त होने से कार का आयल फैल गया। समाचार लिखे जाने तक बगैर नंबर की कार घटना स्थल पर खड़ी हुई है। कार दुर्घटना में कोई घायल हुआ या नहीं इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

# भंडारे में उमड़े हजारों श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम बरेठ स्थित बड़ी माता मंदिर पर चल रही सात दिवसीय संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को समापन किया गया। इस अवसर पर कथा पंडाल में एक यज्ञशाला बनाई गई। मंत्रोच्चार के साथ सभी श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की भावना को लेकर आहुतियां छोड़ीं। कथा समापन पर कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर महाराज ने अपने प्रवचन दिए। महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का अवतार पृथ्वी लोक पर तब हुआ था, जब अधर्म बढ़ गया था। भगवान ने अधर्म का नाश कर धर्म को विजय दिलाई थी। उनकी लीलाएं हमारे जीवन में कई संदेश देती हैं। उन्होंने बताया कि सभी मनुष्य को दयालु भाव रखना चाहिए और एक-दूसरे के प्रति प्रेम रखना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों और उन सभी व्यक्तियों से सहयोग करने का आह्वान किया, जिन्हें ईश्वर ने सक्षम बनाया है। महाराज ने कहा कि यह जीवन ईश्वर की देन है, इसलिए ईश्वर द्वारा बताए गए मार्गों पर चलना चाहिए और हमेशा अपने बच्चों को धर्म की ओर ले जाना चाहिए। कथा समापन पर आयोजित यज्ञ के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## जागरुकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया



**गंजबासौदा।** सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल की बालक-बालिका इकाइयों का शिविर ग्राम हरदूखेडी स्कूल परिसर में आयोजित किया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने ग्राम में जागरुकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। शिविर के बौद्धिक सत्र में आए फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि हमारे जीवन के लिए शुद्ध हवा, शुद्ध खाना और शुद्ध पानी आवश्यक है, लेकिन आज के हालातों में तीनों ही आवश्यक तत्व अशुद्ध हो चुके हैं। शरीर में न्यूट्रीशन खत्म हो रहे हैं। ईश्वर ने फिर प्रकृति में हमारे शरीर के लिए मिनरल, विटामिन, खनिज तत्व, कैल्शियम, सभी तत्वों को उपलब्ध कराया है। हरी सब्जियों और मुनगा,दालों में सर्वाधिक न्यूट्रीशन मिलते हैं। व्यायाम का महत्व भी समझाया। हमारी मां की किचिन अपने आप में स्वास्थ्य का दवाखाना है। पोलीथिन का उपयोग बंद कर दें, क्योंकि प्लास्टिक के कण हमारे शरीर में पहुंचकर बीमार कर रहे हैं। इस दौरान यातायात नियमों के पालन से लेकर देशभक्ति तक की मोरल ड्यूटीज की प्रेरणा दी गई। संस्था प्राचार्य उमेश यादव ने अतिथि सम्मान कर स्वयंसेवकों को स्वस्थ रहने, स्वच्छता रखने और श्रमदान का महत्व बताया। जापान जैसी देशभक्ति अपनाने का आह्वान किया, बौद्धिक सत्र में स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ अभियान पर सुंदर नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी।

# भक्ति, शक्ति और समरसता का महासंगम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिन्दू सम्मेलन गमाकर मंडल के तत्वावधान में स्थानीय स्वयं प्रगटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा एवं भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का ऐतिहासिक समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन आध्यात्मिक चर्चा के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार और राष्ट्रवाद की गूँज सुनाई दी। जीवन की सार्थकता और समरसता कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक सौरभ प्रताप ने अपने ओजस्वी संबोधन में जीवन को सार्थक बनाने के व्यावहारिक सूत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि व्यक्ति को स्वयं के विकारों पर नियंत्रण क्यों आवश्यक है। उन्होंने सामाजिक एकता और सामाजिक समरसता पर विशेष बल देते हुए कहा कि जब तक समाज भेदभाव से मुक्त होकर एकजुट नहीं होगा, तब तक राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त नहीं कर सकता। नारी शक्ति और वैचारिक मंथन कार्यक्रम में महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रगति यादव मंचासीन रहीं। प्रगति यादव ने पंच परिवर्तन, स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुंब




प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता के विषय को विस्तार से समझाते हुए युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। सांस्कृतिक पड़ाव में मंचन किए गए नाटकों से दर्शकों को गहरे संदेश दिए गए।

## एसजीएस ग्राउंड में आयोजित हो रहा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

# विंटर वेकेशन में स्कूली छात्रों ने दिखाया शानदार खेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं वंदे मातरम क्रिकेट क्लब द्वारा एसजीएस ग्राउंड पर आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट कंपटीशन टूर्नामेंट सीजन 4 में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक शैलेन्द्र दीक्षित, डाल्फिन स्कूल के संचालक संदीप जेटली स्कूल छात्र खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करने पहुंचे। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा जिला युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष रोहित भावसार उन्होंने अपने उद्बोधन में स्कूली छात्रों से कहा कि दुनिया में अच्छे नशे भी होते हैं एक होता है पढ़ाई का नशा एक होता है खेल का नशा, एक होता है कुछ कर गुजरने का जुनून। तो इस तरह के नशा करो जिससे तुम्हारे परिवार को तुम्हारे शहर को तुम पर गर्व हो ऐसे नशे कभी मत करो जिससे तुम्हारी जिंदगी बर्बाद हो। नवांकुर स्कूल के संचालक शैलेन्द्र दीक्षित ने कहा कि मोबाइल ओन लाइन गेम बच्चों को आलसी और रोगी बना रहा है इससे दूर रहें और ग्राउंड से जुड़े हुए खेलो में अपनी रूचि दिखाएं और खेलों में अब कैरियर भी है और स्वस्थ जीवन भी है। वंदे मातरम क्रिकेट क्लब की ओर से लीजेंड खिलाड़ियों में आदित्य श्रीवास्तव, यजुवेंद्र प्रताप सिंह नीटू भैया, रुद्र रिछारिया, विजय शर्मा, प्रकाश दीक्षित, रंजीत ठाकुर पीटीआई, शिवकुमार पीटीआई, सुनील पीटीआई, उमेश बबेले, धर्मेंद्र रघुवंशी, राहुल यादव, वी मार्ट रेस्टोरेंट संचालक प्रवीण भार्गव, विक्रम परिहार, सुरेन्द्र ठाकुर, हीरेंद्र, दिनेश, शिवजी, गोलू गजनी, बल्लू द बॉलर, अनिकेत, सूर्यांश रघुवंशी, दिव्यांश शर्मा, सोहेल, कैलाश बैरागी टार्जन, सुनील शर्मा चक्की, शिवम, मुकुंद, नीतीश, अनिकेत, निशांत, केशव, पीयूष, प्रियांश ने सक्रिय सहयोग दिया। टूर्नामेंट में पहला मैच श्रीमती रतन बाई जैन स्कूल हायर सेकंडरी स्कूल सीएमराइज स्कूल के आयोजित हुआ। जिसमें रतन बाई जैन स्कूल के छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए अपने टीम को मैच में जीत दिलाई। दूसरा मुकाबला बीएमसी और नवांकुर विद्यापीठ के बीच हुआ जिसमें नवांकुर के खिलाड़ियों ने विजय हासिल की। तीसरे मैच में आईपीएस स्कूल टीम ने राजीव मेमोरियल को हराया। क्लब द्वारा सभी मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया।

# 'मां के नाम के पौधे लगाते हैं, पिता के लगाए पेड़ काट देते हैं'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एनएसएस एक संयुक्त और विविधता से भरा परिवार है। जब तक सीखते हैं, तब तक केम्प समाप्त हो जाते हैं। नगर से पांच स्वयं सेवक पानीपत भेजे गए, साथ ही कार्यक्रम अधिकारी भी गंजबासौदा से ही भेजे गये। प्रत्येक स्वयं सेवक को परियोजना कार्य का व्यवहारिक अनुभव होना आवश्यक है। यह गौरव का अवसर रहा है कि गंजबासौदा के स्वयंसेवक को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने आह्वान किया कि एनएसएस स्वयंसेवक में जुनून होना आवश्यक है क्योंकि एनएसएस हमें जीवन सिखाता है। एनएसएस लक्ष्य नहीं बनाती बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण कराती है। यह बात ग्राम हरदूखेड़ी प्राथमिक स्कूल परिसर में आयोजित सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की बालक-बालिका इकाइयों के शिविर में जिला संगठक डॉ. पीके जगा ने कही। राष्ट्रीय सेवा योजना के बौद्धिक सत्र में मौजूद पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी ने बड़े ही सहज सरल अंदाज में समझाया कि खुश होने के लिए ज्यादा की जरुरत नहीं है। बस दुखी होने की आदत न बनने दें। शहर के शुद्ध पर्यावरण के लिए हम सभी का बड़ा योगदान है, हम सब हरियाली बढाएं।

विकास के नाम पर प्रदेश का 12 प्रतिशत वन क्षेत्र कम हो गया है। आज जो सुविधाएं हैं, वे राजाओं के पास भी नहीं थी। विकास के नाम पर विनाश चल रहा है, मां के पेड़ लगाते हैं, पिता के लगाए पेड़ काट डालते हैं यह चिंतनीय है। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि रक्त हर वक्त, लोगों के लिये आवश्यक है। तम्बाखू, सिगरेट पीने से जीवन के चार मिनिट कम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि दृष्टि है तो सृष्टि है। स्वस्थ व्यक्ति एक दिन में तीन सिलेण्डर ऑक्सीजन प्रकृति से ग्रहण करते हैं।

राजीव गांधी जन चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ दिनेश दुबे ने बच्चों की आंखों की जांच की। संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव एवं प्राचार्य उमेश यादव ने बौद्धिक सत्र मेंअपने विचार रखे। स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति अभियान पर नुक्कड़ नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी। जिसकी अतिथियों ने जमकर सराहना की। इस अवसर पर हरियाणा पानीपत के शिविरार्थी कुणाल चौधरी ने शिविर के अनुभव सुनाते हुए बताया कि हमें प्रदेश का परिचय देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शुक्रवार को एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्राम में जागरुकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता, नशामुक्ति, एड्स जागरुकता के प्रति प्रेरित किया। बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता, गोविंद कुशवाह, शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल, विक्रम सिंह लोधी, सत्यम बबेले, शिफा खानम, दीक्षा राजपूत, संदीप कुशवाह मौजूद रहे।

### वन विभाग टीम ने अवैध परिवहन करते हुए 6 बैल गाड़ियां की जब्त

# सिरोंज क्षेत्र में जगंलों को नष्ट कर तेजी से किया जा रहा लकड़ी का अवैध परिवहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

एक ओर सरकार हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाकर लोगों से पेड़ लगाने की अपील कर रही है। तो वही दूसरी ओर सिरोंज क्षेत्र में अवैध लकडी की कटाई के चलते घने जंगल सीधे सीधे नष्ट होते नजर आ रहें है। ग्राम चितावर के जंगल से आए दिन भू मफिया बडें स्तर पर लकडी की कटाई कर जंगलो को मैदान में तब्दील करने पर लगें हुए है। वही वन विभाग के ढीले रवैए के चलते भू-माफिया के हौसलें बुलंद होते जा रहे है। यदि ग्रामीणो की माने तो आए दिन जंगलो से बडें स्तर पर लकडी की कटाई की जा रही है। लेकिन विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जब ग्रामीण विभाग के अधिकारियो को फोन लगाकर लकडी के अवैध परिवहन की सूचना देते है और स्वंय लकडी का परिवहन करने वालो को पकड लेते है इसके बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुचकर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर लकडी को जप्त कर लेते है लेकिन जंगलो को नष्ट करने वाले अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ कभी कोई कार्यवाही नही की जाती।

## चितावर के जंगल में आधी रात को की घेराबंदी



*सिरोंज-शमशाबाद क्षेत्र के जंगल से अवैध लकडियो का परिवहन तेजी से किया जा रहा है। वही बुधवार की रात्रि ग्राम चितावर के जंगल से लकडी के अवैध परिवहन किया जा रहा था। जिसकी जानकारी लगते है ग्राम चितावर के ग्रामीण भानु मीणा,राधेश्याम मीणा,डॉ अभिषेक शर्मा,काला मीणा,रवि मीणा,रोहित राजपूत, टीकम सिंह राजपूत,नितेश मीणा,भूपत सिंह मीणा आदि ने मौके पर पहुचकर लकडी के अवैध परिवहन की सूचना वन विभाग के अधिकारियो को दी। वही ग्रामीणो ने स्वंय मौके पर पहुचकर लकडी के परिवहन करने वालो को पकडने की कोशिश की लेकिन अधेरे का फायदा उठाकर भू-मफिया अपनी बैल गाडिया जोड भागने में सफल रहें। वही वन विभाग के अधिकारियो ने मौके पर पहुचकर साबुन सहित अन्य लकडियो से भरी 6 बैल गाडियो को जप्त कर अज्ञात व्यक्तियो के वन अपराध क्र 157/13 के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।*

### अज्ञात पर किया प्रकरण दर्ज...

रात्रि के समय सिरोंज-शमशाबाद बोडर के जंगल से लकडियो को काटकर अवैध परिवहन किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुची। लेकिन लकडी की कटाई करने वाले अपनी बैल गाडियो को जोडकर भाग निकले। विभाग द्वारा मौके से 6 बैल गाडिया जप्त कर अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

**बृज दास मीणा**, रेंजर वन विभाग सिरोंज।

# शिक्षा के साथ संस्कारवान विद्यार्थियों का निर्माण करना संस्था का उद्देश्य

### ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



शहर में स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। वर्ष 2017 से संचालित यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता आ रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें भविष्य और देश के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों,नृत्य,नाट्य एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हर प्रस्तुति समाज को सकारात्मक संदेश देने वाली रही, वहीं विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक भी मंच पर देखने को मिली। इस मौके पर कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों की प्रतिभा की जमकर सराहना की। कार्यक्रम को देखकर उपस्थित सभी लोगों ने आनंद लिया और विद्यालय की शिक्षा व संस्कार आधारित पहल की प्रशंसा की। वार्षिक उत्सव ने बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## भाजपा महामंत्री हितानंद ने भाजपा नेता के बड़े भाई कल्लू को दी श्रद्धांजलि



**सिरोंज**। भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश यादव के बडें भाई कल्लू सिंह यादव पहलवान के आकस्मिक निधन पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने उनके निज निवास सिरोंज पहुचकर स्व कल्लू यादव को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक उमाकांत शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भूपेंद्र भैया क्रिकेट कप का शुभारंभ, बरौदिया कलां में पहले राउंड में 90 टीमें मैदान में

**बरौदिया कलां**। शुक्रवार को नगर के स्टेडियम में भूपेंद्र भैया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ अभिराज सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें विधानसभा स्तरीय खुरई, मालथौन, बांदरी, बरोदिया कलां सहित पांच खेल मैदान में विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी इस प्रतियोगी टूर्नामेंट में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं। बड़ौदिया कलां के तालकटोरा स्टेडियम में क्रिकेट मैच का रंगारंग शुभारंभ युवा भाजपा नेता अभिराज सिंह नें फीता काट कर युवाओं खिलाड़ियों का परिचय लेकर किया। उन्होंने सभी से खेल भावनाओं के साथ प्रदर्शन करने की अपील की। जीत और हार खेल का हिस्सा होता है। जो अच्छा प्रदर्शन करेगा वह जीतेगा, जिससे प्रेरणा लेनी चाहिए। गौरतलब है कि विधानसभा मुख्यालय में विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बारहवीं भी बार किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत कूंजा से आरिफ गौरी ने 451 मतों से जीत की हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत कूंजा में हाल ही में 29 दिसम्बर को उपचुनाव का मतदान हुआ। जिसमें आरिफ गौरी ने जीत हासिल की है। वही तहसीलदार संजय चौरसिया की निगरानी में घोषित हुए परिणाम में आरिफ लियाकत गोरी को विजय सार्टिफिकेट दिया गया। इस मौके पर आरिफ गौरी ने कहा कि पंचायत के विकास और लोगों की भलाई के लिए काम करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अपने पंचायत क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। मिली जानकारी अनुसार पंचायत में कुल 1248 मतदाता है। जिनमें से 948 ने मतदान किया। आरिफ गौरी को 451 मत प्राप्त हुए, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी आकिब अनीस खा को 350 मत प्राप्त हुए। तीसरे नंबर पर रहे शिवराज लोधी 112 मतों से संतोष करना पड़ा। मतगणना के पश्चात गोरी के समर्थकों ने फूलों से उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद खालिद गोरी,डॉक्टर अब्दुल सुब्हान गोरी,मुन्ना भैया, बनने मंसूरी,अमीन कंडक्टर,पूर्व जनपद सदस्य चांद गोरी,पूर्व सरपंच अनसार खा खुजा,सरकार खा,अफाक खान,असलम गोरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातःकालीन धर्मसभा, सहनशीलता व भक्ति का दिया संदेश

# धर्मक्षेत्र में किया गया पाप वज्रलेप समान होता है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



अन्य क्षेत्रों में किया गया पाप धर्म क्षेत्र में आकर नष्ट हो जाता है, किंतु धर्म क्षेत्र में किया गया पाप वज्र के लेप के समान दृढ़ता से चिपक जाता है, जिसे मिटाना अत्यंत कठिन होता है। यह उद्गार मुनिश्री संभव सागर महाराज ने शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि भक्ति की चासनी में स्वयं को इतना डुबो देना चाहिए कि भीतर के रस का आनंद प्राप्त हो सके। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि नववर्ष के दूसरे दिवस चतुर्दशी के अवसर पर मुनिश्री शीतलधाम पहुंचे, जहां वर्षों वाले बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का मस्तकाभिषेक एवं शांति धारा मुनिश्री के मुखारविंद से संपन्न हुई। मुनिश्री ने कहा कि साधु बिना प्रयोजन नहीं चलता। उन्होंने शीतलधाम की दूरी का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन पैदल चलकर भगवान का अभिषेक करता है तो वह अधिक स्वस्थ रह सकता है।

मुनिश्री ने कहा कि पहले के लोग अधिक सहनशील इसलिए थे क्योंकि वे अपने स्वास्थ्य व जीवनशैली का ध्यान रखते थे। आज धर्म क्षेत्र में भी जल्दबाजी और कटाक्ष देखने को मिलते हैं, जिससे पूर्वाग्रह बढ़ता है। भगवान पारसनाथ की सहनशीलता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भले ही हम उनके समान न बन सकें, पर थोड़े

## चेक बाउंस मामले में न्यायालय ने किया गिरफ्तारी वारंट जारी

**विदिशा**। चेक बाउंस के मामले में अदालत ने पूर्व पार्षद जमना कुशवाह के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब न्यायालय की अनुमति से हुए राजीनामे के तहत दिया गया दूसरा चेक भी बाउंस हो गया और भुगतान नहीं हो पाया। जमना कुशवाह द्वारा दिए गए 5 लाख के चेक के बाउंस होने पर मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उसे दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद आरोपी ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की। अपील की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हुआ था इसी दौरान उन्होंने दूसरा चेक दिया था, वह भी बाउंस होने पर यह कार्रवाई की गई है।

# शहीद वीरसिंह सप्रे की स्मृति में टूर्नामेंट का शुभारंभ बड़े भाई को याद कर भावुक दिखाई दिए विधायक सप्रे

दुर्घटना में तीन युवाओं के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई



नगर के शहीद स्वर्गीय वीर सिंह सप्रे की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को कॉलेज ग्राउंड कुरवाई में विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर सिंह सप्रे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद हाल ही में कुरवाई में हुई दुखद दुर्घटना में तीन युवाओं के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। शुभारंभ कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, वरिष्ठ नेता पंचमलाल सप्रे, शहीद की धर्मपत्नी रेखा वीर सिंह सप्रे, एसडीएम मनीष कुमार जैन, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक हरिसिंह सप्रे अपने बड़े भाई को याद करते हुए भावुक नजर आए। टूर्नामेंट का सफल संचालन संदीप सप्रे द्वारा किया जा रहा है, वहीं टूर्नामेंट अध्यक्ष की जिम्मेदारी जतिन सप्रे संभाल रहे हैं। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 61 हजार रुपए, उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज विजेता को साइकिल प्रदान की जाएगी। शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों तथा खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## कलेक्टर ने झंडी दिखाकर रवाना की ऑटो रिक्शा रैली

**सागर**। सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिन ऑटो रिक्शा रैली अध्यक्ष पप्पु तिवारी के नेतृत्व में निकाली गई। जिसे खेल परिसर ग्राउंड सागर में कलेक्टर संदीप जी आर ने झंडी दिखाकर रवाना किया। ऑटो रिक्शा रैली खेल परिसर ग्राउंड से प्रारंभ होकर तीन मडिया, तीन बत्ती, कटरा मस्जिद, नमक मंडी, परकोटा, बस स्टैंड होती हुई खेल परिसर ग्राउंड पर समाप्त हुईं।

## रामदेव बाबा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर शिव महापुराण कथा 16 भव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में मंदिर के वार्षिक उत्सव बसंत पंचमी के अवसर पर शिव महापुराण कथा के आयोजन की तैयारियाँ प्रारंभ हो गई हैं। बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी पं. गौरीशंकर शर्मा की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को समितियों का गठन कर अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक के पश्चात कथा स्थल स्थित शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वजा की स्थापना की गई। साथ ही शिव महापुराण कथा के प्रचार-प्रसार हेतु सामग्री का विमोचन किया गया, जिसमें समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जाएगा। कथा का वाचन भारत राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित, सुप्रसिद्ध भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री (गोल्ड मेडलिस्ट) के मुखारविंद से होगा। कथा अवधि में प्रतिदिन महाशिवलिंग के विशेष दर्शन तथा जलाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# हिंदू सम्मेलन की तैयारी शुरू तहसील मैदान में भूमिपूजन



**ग्यारसपुर**। 11 जनवरी को आयोजित होने वाले मंडल स्तरीय विशाल हिंदू सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

शुक्रवार को तहसील मैदान में सकल हिंदू समाज द्वारा विधिवत भूमिपूजन एवं खंभ गाड़ने की परंपरा का निर्वहन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर ग्यारसपुर मानसरोवर तट के पूज्य महाराज बालक दास जी के सान्निध्य में पंडित शुभम शर्मा एवं पंडित शुभम पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई गई। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं ने सम्मेलन की सफलता की कामना की। आयोजकों ने बताया कि 11 जनवरी को तहसील मैदान में होने वाले इस विशाल हिंदू सम्मेलन में क्षेत्रभर से सकल हिंदू समाज के नागरिक भाग लेंगे। सम्मेलन के माध्यम से समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति उषा बाई लोधी पत्नि श्री अशोक सिंह लोधी निवासी वार्ड नं. 18. बेगमगंज तहसील बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान / प्लॉट जो ग्राम गंभीरिया तहसील बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र. आराजी 120/2, एरिया 940 वर्गफिट जिसकी चतुसीर्माएं उत्तर में- गोविन्द सेन का मकान, दक्षिण में- रोड, पूर्व में- राधेश्याम का मकान, पश्चिम में- विक्रेता की भूमि है यह कि उक्त संपत्ति कि श्रीमति उषा बाई लोधी पत्नि श्री अशोक सिंह लोधी द्वारा पूर्व स्वामी/विक्रेता श्री ईशाक मोहम्मद रंगरेज 2. श्री अजीज मोहम्मद रंगरेज 3. श्री बिलाल मोहम्मद रंगरेज पुत्रगण श्री हाजी नूर मोहम्मद निवासीगण वार्ड नं. 05, कटरा मोहल्ला तहसील बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र. से क्रय की थी जिसका ई विक्रय पत्र क्रमांक MP29265201 8A1254225 है जिसकी दिनांक 13-04-2018 है श्रीमति उषा बाई लोधी पत्नि श्री अशोक सिंह लोधी निवासी वार्ड नं. 18, बेगमगंज तहसील बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र. के द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र.

# अपनी संकल्प शक्ति को शुभ व सकारात्मक बनाएं तभी जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आएगी: ब्रह्माकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुलाबगंज



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ग्रीन पार्क कॉलोनी गुलाबगंज में स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष नए साल को बेहतर और खुशनुमा बनाने के लिए हम सभी कई शुभ संकल्प, विचार व वायदे अपने आपसे करते हैं। अपनी योजनाओं, परियोजनाओं एवं सपनों को साकार करने हेतु मन में अनेक विचार तथा बातें भी आती हैं। उनमें बहुत से संकल्प सकारात्मक, नकारात्मक, दृढ़ या कमजोर होते हैं। नकारात्मक या कमज़ोर संकल्प हमें जीवन में आगे नहीं बढ़ने देते और हमारे व्यक्तित्व को भी निखरने नहीं देते, जिससे हम जिंदगी से भी हताश और निराश होने लगते हैं। रिश्तों व संबंधों पर भी हमारे संकल्प व सोच का गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए अपनी संकल्प शक्ति को शुभ एवं सकारात्मक बनाएँ तभी जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आएगी।

## मन में उठने वाले संकल्पों पर नियंत्रण जरूरी

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी बहन ने बताया कि मन में उठने वाले संकल्पों पर हमारा नियंत्रण होना चाहिए, जिससे हम जब चाहें उन्हें फुल स्टॉप लगा सकें और व्यर्थ संकल्पों को आने से रोक सकें। यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि हम केवल सकारात्मक बातें सोचें, जिससे हमारे संकल्प समर्थ व श्रेष्ठ बनें। इसके लिए हमें अपने मन-बुद्धि को शुद्ध एवं पवित्र बनाना होगा, तभी संकल्प शक्तिशाली और स्फूर्तिवान होंगे तथा दिल से निकली हुई बात व संकल्प तुरंत सिद्ध होंगें। नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम में रामस्वरूप चौकसे, राजेंद्र सेठ, सचिन यादव, राजकुमार, अरुण खैरा, विवेक जैन, आदि मौजूद रहे अंत में नंदिनी बहन ने मेडिटेशन कराया और बताया मेडिटेशन से ही मन के संकल्पों पर कंट्रोल किया जा सकता है, नकारात्मकता को सकारात्मकता में परिवर्तन किया जा सकता है मेडिटेशन आज वर्तमान में हर व्यक्ति की आवश्यकता बन गई है।

### लोगों ने कहा मोहल्लों-कॉलोनियों में जांच के लिए नहीं पहुंच रही टीमें

# नगर पालिका न पानी का सैंपल ले रही और न पाइप लाइनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इंदौर के भागीरथपुरा में नालों से गुजरी पाइप लाइन के लीकेज से दूषित पानी से कई लोगों की मौत हो गई है। इसके बावजूद भी रायसेन शहर की नगर पालिका का जल विभाग का अमला नींद से नहीं जागा है। इस लापरवाही के बारे में लोगों का कहना है कि अभी तक नगर पालिका का अमला मोहल्लों एवं कालोनियों न तो नाले में पड़ी पाइप लाइन की जांच करने पहुंचा और ना पानी का सैंपल लिए।

शहर वासियों का कहना है कि यदि नगर पालिका अमला नाले और नालियों से गुजरी पानी की सप्लाई लाइनों की जांच करें तो कई मामले सामने अस सकते है। साथ ही मोहल्ले कॉलोनी में गंदे पानी की शिकायतें कई दफे सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदार विभाग का अमला पूरी सजगता और मुस्तैदी से काम नहीं कर रहा है।

#### यहां पाइप लाइन में बेगोरी

एसडीओ कार्यालय पीडब्ल्यूडी के सामने अस्पताल गेट के सामने नाले से गुजरी पाइप लाइन, श्रीजी सिटी के सामने वार्ड नंबर 9, कच्ची पुलिया नाला सहित कलेक्टर बंगले के समीप नाले से गुजरी पाइप लाइन, पुलिस लाइन 96 क्वार्टर आदि शामिल है। बताया जाता है कि यहां के नाले नालियों में से पानी की सप्लाई लाइन गुजरी है जो जगह-जगह से पानी लीकेज होता है, यह दूषित पानी घरों के नलों तक पहुंचता है।





#### शिकायतों पर भी नपा नहीं करती कार्रवाई

इन शिकायतों के बाद भी नगर पालिका के अमले ने लीकेज की जांच तक करना मुनासिब नहीं समझा है। यह पाइप लाइन से गंदा पानी घरों तक पहुंचता है। मालूम हो कि शहर में अभी भी कई जगह पाइप लाइन लीकेज है जो नाले नालियों से होकर गुजरी है। हैरान करने वाली बात तो यह है की जानकारी के बावजूद भी नगर पालिका के हमले द्वारा इन लीकेज पाइप लाइनों को नाले और नालियों से बाहर नहीं किया गया है ना ही उनकी मरम्मत करके सेट किए गए हैं। नल से कोई भी पाइप वालों का जहरीला पानी घरों तक पहुंच रहा है यह बड़े शर्म की बात है। और नहीं शिफ्ट करने की कोई कार्य योजना बनाई है।

#### पाइप लाइन में फंसा मिला था मृत कबूतर

पूर्व में सप्लाई पाइप लाइन में एक कबूतर मेरठ हालत में मिला था यह गंदा पानी कितने दिनों से लोगों को पीने के लिए सप्लाई हो रहा थाम नगर पालिका ने कोई जांच नहीं की । जब पानी में दुर्गंध आने लगी तो लोगों की शिकायत पर अमला पहुंचा और मृत कबूतर को बाहर निकाल कर लीकेज को ठीक किया।

#### इनका कहना है

नगर पालिका की टीम शासन के निर्देश पर नियमित रूप से पानी का सैंपल एकत्रित कर रही है। इसमें कोई लापरवाही नहीं बरती जा रही। अमले द्वारा गंदे पानी की पाइप लाइन में भी सुधार कराया जा रहा है।

- **सुरेखा जाटव,** सीएमओ, नगर पालिका परिषद रायसेन।

#### बड़ी पाइप लाइन में छेद कर किए अवैध कनेक्शन

बताया जाता है कि उक्त क्षेत्र में बड़ी पानी सप्लाई लाइनों में लोगों ने अवैध कनेक्शन कर लिए हैं जिससे गंदा पानी लोगों को सप्लाई हो रहा है ऐसी स्थिति ऐसी स्थिति में कभी कोई गंभीर बड़ा हादसा घटित हो सकता है इन सब बातों की जिम्मेदार विभाग को भी जरा सी भी कोई परवाह नहीं है। इन क्षेत्रों से कोई भी पाइप लाइन में लोगों ने छेद करके चोरी चुपके तरीके से नल कनेक्शन कर लिए हैं। इन लीकेज पाइपलाइन से कभी खतरनाक साबित हो सकता है।

# पीडब्ल्यूडी की लाखों की टू-लेन सड़क में हुआ घटिया पेंचवर्क

### थेगड़े लगाने का कार्य ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार राजेंद्र गर्ग को दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के सागर-भोपाल तिराहे से लेकर सदालतपुर तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हाल ही में पेंचवर्क कराया गया है। बताया जाता है कि यह पेंचवर्क बेहद घटिया था, जिससे लाखों रूपए घटिया पेंचवर्क और जनप्रतिनिधियों की कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई।

बताया जाता है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा टू लेन सड़क निर्माण का ठेका श्रीजी इन्फ्रास्ट्रक्चर सड़क कंपनी के ठेकेदार राजेंद्र गर्ग को दिया गया था। टू-लेन सड़क चौड़ीकरण डिवाइडर लाइटिंग सौंदर्यकरण का ठेका 14 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत से दिया गया था। ठेके में टूलेन सड़क चौड़ीकरण डिवाइडर और बीच में पोल में लाइटिंग सौंदर्यकरण पुलियाओं का निर्माण भी शामिल था।

#### डिवाइडरों के बीच लाइट पोल से लाइटें गायब

तीन साल गुजर चुके हैं टू लेन सड़क निर्माण हुए। डिवाइडरों के बीच लगे बिजली खंभों में स्ट्रीट लाइल नहीं लगाई गई है। तीन सालों से लोगों को खंभों में लाइट जलने का इंतजार है। अनाज व्यापारी नेपाल सिंह राठौर, बाबर अली एडवोकेट, नसीम खान ने बताया कि हमने इस मामले कि कई बार आवेदन देकर नगर पालिका और पीडब्ल्यू कार्यालय में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन दोनों विभाग एक दूसरे के पाले में गेंद फेंककर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं।



#### ठेकेदार की मनमानी, घटिया क्वालिटी की सड़क

दरगाह से लेकर शहर के तिराहे तक बनाई सड़क में ठेकेदार गर्ग द्वारा पूरी तरह से लापरवाही बरती गई है। बताया जाता है कि किले की तलाहटी से मिट्टी खोदकर बेस तैयार किया था, जिसकी शिकायत पर जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी के गुबार उड़ते खुद देखे थे। जांच टीम ने ठेकेदार पर भी नाराजगी व्यक्त की थी। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि की मोटी कमीशन खोरी की वजह से सड़क क्वालिटी की नहीं बन सकी है।

#### सड़क की गुणवत्ता जांचने लिए थे सैंपल

सड़क घटिया निर्माण होने के कारण बनते ही उखड़ने लगी थी, भोपाल पीडब्लूडी की जांच टीम सड़क क्वॉलिटी की जांच सैंपल लेने मौके पर पहुंची थी। टीम ने सैंपल लिए एवं इस दौरान सड़क की गुणवत्ता को परखा गया। एसई का कहना था कि सैंपल की लेबोरेट्री से जांच करवाने के बाद रिपोर्ट का खुलासा नहीं हो सका। इसके बाद ठेकेदार गर्ग पर आगे की कार्रवाई भी नहीं हो सकी।

#### इनका कहना है

अगर घटिया पेंचवर्क निर्माण हुआ है तो इसे हम जल्द टीम भेज कर दिखवाएंगे। बाद में जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

- **बीके सूत्रकार,** पीडब्ल्यू ईई रायसेन

# खोना बाबा के आंगन में श्रद्धालुओं ने किया नववर्ष का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नववर्ष पर 1 जनवरी गुरुवार को खोना वाले बाबा श्री आदिनाथ भगवान के आंगन में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर जबलपुर, भोपाल, विदिशा, गाडरवारा, बरेली, सिलवानी, बम्होरी एवं खरगोन सहित दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में उपस्थित होकर नववर्ष का मंगलमय शुभारंभ किया।

श्रद्धालुओं ने प्रातःकाल बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, विधान संपन्न किया तथा विश्व शांति की कामना के साथ हवन कर नए वर्ष की शुरुआत की। यात्रियों के भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं खोना वाले बाबा कल्याणकारी समिति द्वारा सुचारु रूप से की गईं।खोना वाले बाबा श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा को अतिशयकारी एवं चमत्कारी माना जाता है। मान्यता है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा के दर्शन कर श्रीफल अर्पित करता है और परिक्रमा करता है, उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के कारण क्षेत्र आसपास के जिले और अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन हेतु पहुंचते हैं।

यहां प्रत्येक रविवार एवं अमावस्या को मस्तकाभिषेक, तथा अन्य दिनों में प्रातः 9 बजे से चरण अभिषेक किया जाता है।



## मृतक के शव को चूहों ने जगह-जगह से कुतरकर किया विक्षत, मामला दर्ज

# किराए से रह रहे व्यक्ति का बंद कमरे में मिला 3 से 4 दिन पुराना शव, बदबू आने से हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

राजीव नगर बस्ती के एक बंद कमरे में युवक का क्षत विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव लगभग तीन से चार दिन पुराना लग रहा है और शव को चूहों ने जगह जगह से कुतर कर खा लिया है। आसपास के घरों में बदबू आने के बाद मामले का खुलासा हुआ है।

■ सांची सिविल अस्पताल में नहीं हुआ पीएम, शव विदिशा भेजा

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच की। कमरा अंदर से बंद होने के कारण पुलिस कमरे के पीछे बनी खिड़की से अंदर घुसी तो युवक का क्षत विक्षत शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था। शव की शिनाख्त मुकेश पंथी पिता पूरन उम्र 45 वर्ष निवासी मरखेड़ा गांव जिला विदिशा के रूप में हुई।

बताया जा रहा है कि मुकेश पंथी यहां पर किराए से रहता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल भेजा, लेकिन वहां पर युवक का शव क्षत विक्षत होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शव को विदिशा के मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं पुलिस ने फिलहाल मर्ग का मामला कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

#### सलामतपुर के राजीवनगर की घटना, मर्ग का मामला कायम कर लिया जांच में



#### पत्नी ने कुल्हाड़ी से मुकेश को किया था घायल

मृतक के पिता पूरन पंथी ने बताया कि एक बार पति पत्नी के विवाद में पत्नी ने मुकेश को कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में पत्नी को लंबे समय तक जेल में भी रहना पड़ा था। बाद में दोनों का समझौता होने पर मामला शांत हुआ था।

#### चार साल से सलामतपुर में रहकर कर रहा था मजदूरी

मृतक मुकेश के पिता पूरन पंथी ने बताया कि उनके दो लड़के हैं और मुकेश बड़ा लड़का था। वह गांव से लगभग 4 साल पहले चला गया था, उसके बाद से उनका कभी उससे संपर्क नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि मुकेश की 25 साल पहले शादी हो गई थी। उसकी पत्नी की भी कुछ साल पहले मौत हो चुकी है।

#### इनका कहना है

बंद कमरे में 3 से 4 दिन पुराना शव मिला है। युवक किराए के कमरे में रहकर मजदूरी करता था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

– **दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी।

### मामला दर्ज कर लिया जांच में

## मकान की दीवार गिरने से दबकर महिला की मौत

**सलामतपुर**। दहीड़ा गांव में एक पुराने मकान की दीवार गिरने से महिला की दबकर मौत हो गई। पुलिस को मृतिका आशा बाई ठाकुर उम्र 41 वर्ष के पति मलखान सिंह ठाकुर ने सूचना देकर मामले से अवगत कराया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है। शुक्रवार को सांची सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी अनुसार ग्राम दहीड़ा में मलखान सिंह ठाकुर के 30 से 35 साल पुराने मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। घर में आशा बाई पुरानी दीवार के पास घरेलू कार्य कर रही थीं, तभी कच्ची दीवार उनके ऊपर गिर गई। आशा बाई उसमें दब गईं। परिजन तत्काल ईलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने आशा बाई को मृत घोषित कर दिया।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर भगवा यात्रा का प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

संघ शताब्दी वर्ष पर नगर में आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर भगवा यात्रा का शुभारंभ किया। इस भगवा यात्रा का प्रारंभ सिरवारा स्थित विंध्यवासिनी मंदिर पर पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया और विंध्यवासिनी मंदिर से चल कर पूरे सिरवारा भ्रमण कर डेम रोड वार्ड क्रमांक 14, वार्ड क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 12, वार्ड क्रमांक 11 और वार्ड क्रमांक 10 में भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान मंगलवारा बाजार में इस यात्रा का समापन हुआ। आज 3 जनवरी को यह यात्रा वार्ड क्रमांक 9, वार्ड क्रमांक 8, वार्ड क्रमांक 7, वार्ड क्रमांक 6 और वार्ड क्रमांक 5 में भ्रमण करेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों सहित बड़ी संख्या में सकल हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बाइक चोर सांची पुलिस के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

थाना सांची अंतर्गत ग्राम मेहगांव में नए वर्ष के मौके पर बालाजी धाम मंदिर मेहगांव में दर्शन करने पहुंचे विनयशंकर मिश्रा विदिशा निवासी अपनी बाइक एमपी 04 एमडी 3981 से पहुंचे थे, जहां से उनकी बाइक चोरी हो गई थी।

फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने टीम गठित कर अज्ञात चोर की तलाश में सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर की सूचना पर विदिशा निवासी अवधनारायण शर्मा पिता कृष्णगोपाल 33 वर्ष से पूछताछ करने पर उसने मेहगांव मंदिर तथा सांचेत, देहगांव से 10 बाइक चोरी करना स्वीकारा। साथ ही 2 बाइक समीर मंसूरी को बेचना बताया। समीर से पूछताछ करने पर एक बाइक विदिशा से और दूसरी बाइक भोपाल से जब्त की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

सराहनीय भूमिका में सांची थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी, चंद्रपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, ध्रुव सिंह, सुरेश गोह, सुनील लोधी, सुरेंद्र सिंह आरक्षक शैलेंद्र, हिम्मत सिंह, बृजेश शर्मा, शिवानी रघुवंशी, पूजा रघुवंशी आदि ने सराहनीय कार्य किया।



# निर्माण कार्य चढ़े घटिया निर्माण की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

जनपद पंचायत गैरतगंज में सरपंच सचिव, मूल्यांकनकर्ता अधिकारी सत्ता के राजनैतिक संरक्षण में मदमस्त होकर भ्रष्टाचार के रथ को बढ़ावा दे रहे हैं। हाल यह है कि सभी निर्माण कार्यों में नियत मोटाई व मात्रा से कमतर और घटिया लोहा, गिट्टी की जगह चूरी व डस्ट का बैखौफ उपयोग हो रहा है।

जनपद पंचायत के हरदौट सेक्टर में ग्राम पंचायत उड़दमऊ-जैतपुर के परासिया में राज्य मद से निर्माण की जा रही। इस सीसी सड़क में बेस के नाम पर ही लीपापोती की जा रही है। इसी तरह सोडरपुर सेक्टर की ग्राम पंचायत समनापुर कलां में चल रहे पंचायत भवन निर्माण में भी घटिया किस्म की ईंटों का उपयोग किया जा रहा है।

गुणवत्ता विहीन घटिया निर्माण की जब खबरें प्रकाशित की थी तो सहायक यंत्री का कहना था कि हम घटिया निर्माण को तुड़वाकर पुनः निर्माण करवाएंगे। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी आज तक यथार्थ में धरातल पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। वरन कागजी खानापूर्ति जरूर पूरी कर ली गई है।

केन्द्र और प्रदेश सरकार के निर्माण कार्यों में तय मानक स्तरों से अत्यंत निम्नतर निर्माण चल रहे हैं। यहां गांवों की सरकार में निर्माण कार्य में अधिकारियों के दावे बौने साबित हो रहे हैं। ग्राम पंचायतों में सरपंच और सचिव मिल जुलकर कमाई कर रहे हैं।



#### इनका कहना है

हमारी तरफ से सख्त निर्देश निर्माण एजेंसी को पहले ही हिदायत दी जा चुकी है। बिना मॉनिटरिंग के निर्माण करने पर तुड़वा के पुनः निर्माण किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की होगी। निर्माण कार्यों के तय तकनीकी मानकों से समझौता नहीं किया जाएगा।

- **नरेश कुमार ठाकरे,** सहायक यंत्री, जनपद पंचायत गैरतगंज।

### किसान अन्नदाता ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का मूल

# गौ वंश की सेवा सर्वोपरि, किसान देश की रीढ़ : प्रभुजी नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गौ वंश की सेवा सर्वोपरि है और किसान देश की रीढ़ है। किसान सुखी रहेगा तो देश समृद्ध रहेगा। यह उद्गार मालवा क्षेत्र के प्रसिद्व संत प्रभु जी नागर ने तहसील के हमीरपुर गांव में स्थित विंध्यांचल राइस मिल में अपने अल्प समय के आगमन के दौरान व्यक्त किए। प्रभु जी नागर ने गौ सेवा, किसान की भूमिका और व्यापार में धैर्य व विश्वास बनाए रखने पर विस्तार से विचार रखे।

विंध्यांचल राइस मिल में प्रभु जी नागर का आगमन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से कम समय के लिए था, लेकिन उनके संदेश ने उपस्थित किसानों, व्यापारियों और कर्मचारियों पर गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ वंश को माता का दर्जा दिया गया है। गौ सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन बनाए रखने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। गौ आधारित कृषि से भूमि की उर्वरता बढ़ती है, पर्यावरण सुरक्षित रहता है और किसान की लागत भी कम होती है।



#### किसान हो रहा परेशान

प्रभु जी नागर ने अपने संबोधन में किसानों की वर्तमान चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज किसान अनेक कठिनाइयों से जूझ रहा है, कभी मौसम की मार, कभी बाजार भाव में उतार-चढ़ाव और कभी उत्पादन लागत में वृद्धि। ऐसे समय में किसान को निराश नहीं होना चाहिए। व्यापार में लाभ-हानि होती रहती है, लेकिन हौसला नहीं टूटना चाहिए। भगवान पर विश्वास रखें और कर्म करते रहें।

#### किसान को मेहनत का उचित मूल्य मिलना चाहिए

प्रभु जी नागर ने व्यापारियों से अपील की कि वे किसानों के प्रति संवेदनशील रहें। किसान की मेहनत का उचित मूल्य मिलना चाहिए, तभी कृषि व्यवस्था मजबूत होगी। किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अगर किसान कमजोर होगा तो देश की प्रगति रुक जाएगी। इसलिए समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि किसान को सम्मानए सहयोग और सही मार्गदर्शन मिले। विंध्यांचल राइस मिल प्रबंधन संजय सिंह रघुवंशी, शैलेंद्र सिंह रघुवंशी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उद्योग और कृषि का समन्वय ही ग्रामीण विकास की कुंजी है। राइस मिल जैसे कृषि आधारित उद्योग किसानों को बाजार उपलब्ध कराते हैं और रोजगार के अवसर भी सृजित करते हैं।

# कृषि उपज मंडी में प्रशासन-किसानों और व्यापारियों की हुई संयुक्त बैठक

### एसडीएम ने कहा - किसानों को ना हो परेशानी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्मदा क्षेत्र की सबसे बड़ी ए क्लास की कृषि उपज मंडी के सभागार में एसडीएम व मंडी प्रशासक संतोष मुद्गल की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर खुलकर चर्चा की गई। एसडीएम संतोष मुद्गल ने कहा कि किसानों को कोई परेशानी ना हो अन्यथा कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

किसान संघ के तहसील अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष मिलों द्वारा प्रोजेक्ट की माध्यम से किसानों से अनुबंध किए जाते हैं। चारगांव स्थित फॉर्चून राइस मिल द्वारा प्रोजेक्ट की धान नहीं खरीदी जा रही जिसके कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसी के साथ मंडी में बासमती धान को व्यापारियों द्वारा उचित भाव पर नहीं खरीदा जा रहा। प्रोजेक्ट के नाम पर दुकानदारों द्वारा दवाइयां मनमानी दामों पर बेचने का मुद्दा भी उठाया। धान खरीदी के लिए अन्य स्थानों से व्यापारियों को बुलाने की मांग की।

बैठक में एसडीओपी कुंअर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता, मंडी सचिव रितु गढ़वाल, किसान संघ के अध्यक्ष केसर सिंह धाकड़ सहित किसान, व्यापारी, राइस मिलों के प्रतिनिधि, मंडी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

